महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
ud }kjk 'A' xM ikIr Accredited with 'A' Grade by NAAC

ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

डॉ. प्रकाश नारायण त्रिपाठी
**Dr. Prakash Narayan Tripathi**
सहायक क्षेत्रीय निदेशक/**Assistant Regional Director**
दूर शिक्षा निदेशालय
**Directorate of Distance Education**

पत्रांक: 023/DDE/प्र.प्र./बी.एड.24-25/003/7186
दिनांक: 04/10/2024

# सूचना

अकादमिक सत्र जुलाई-अगस्त, 2024 में दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित बी.एड. कार्यक्रम में दिनांक 30/09/2024 तक प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की तैयार की गयी वरीयता सूची के अनुसार मूल दस्तावेजों का सत्यापन **दूर शिक्षा निदेशालय, म.गा.अं.हि.वि., वर्धा में आवेदकों को स्वयं उपस्थित होकर** निम्नानुसार कराना होगा-

| सूची | सूची जारी करने की तिथि | मूल दस्तावेजों की सत्यापन तिथि |
|---|---|---|
| प्रथम वरीयता सूची | 8 अक्टूबर, 2024 | 15 अक्टूबर, 2024 से 17 अक्टूबर, 2024 तक |
| द्वितीय वरीयता सूची | 18 अक्टूबर, 2024 | 19 अक्टूबर, 2024 से 21 अक्टूबर, 2024 तक |
| तृतीय वरीयता सूची | 22 अक्टूबर, 2024 | 23 अक्टूबर, 2024 से 25 अक्टूबर, 2024 तक |

उपर्युक्त दिवसों में प्रातः 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक दस्तावेजों की जांच और छानबीन के पश्चात ही अभ्यर्थियों के प्रवेश की अनुशंसा की जायेगी। **निर्धारित तिथि और समयावधि के उपरांत अभ्यर्थियों के प्रवेश के संबंध में विचार नहीं किया जायेगा।**

## दस्तावेज़ों की जांच और छानबीन से संबंधित दिशा निर्देश

दस्तावेज़ों की जांच और छानबीन प्रक्रिया के अंतर्गत अर्हता संबंधी मापदण्ड:

1. जिन्होंने एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित रीति (फेस टू फेस) से अध्यापक शिक्षा का कोई कार्यक्रम पूर्ण किया हो। इससे संबंधित सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को नियमित रीति (फेस टू फेस) से पूर्ण की गई अध्यापक शिक्षा की उपाधि एवं अंकपत्र की मूलप्रति को अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा।
2. अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र की प्रति सहित वर्तमान में कार्यरत होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे अभ्यर्थी जो प्राइवेट स्कूल में कार्यरत हैं, उन्हें दस्तावेज़ों की जांच और **छानबीन के समय अपने विद्यालय की संबंधित राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा जारी मान्यता संबंधित दस्तावेज़ प्रस्तुत करना होगा।**
3. अभ्यर्थी स्नातक और परास्नातक के प्रत्येक वर्ष के अंकपत्र और उपाधि की मूल प्रति के साथ ही उपस्थित हों।
4. जिन अभ्यर्थियों ने ई-अंकतालिका अपलोड की है, उनसे अपेक्षा है कि वे दस्तावेज़ों की जांच और छानबीन के समय अपलोड किये ई-अंक पत्र की संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत मूल प्रति के साथ ही उपस्थित हों।
5. जिन अभ्यर्थियों ने किसी भी तरह के आरक्षण (जाति प्रमाण-पत्र/नॉन क्रीमिलेयर/पी.डब्ल्यू.डी./ई.डब्ल्यू.एस.अन्य आरक्षण) का दावा किया है, वे उससे संबंधित अद्यतन मूल प्रमाण-पत्र अपने साथ लायें।

- केंद्र सरकार द्वारा जारी ओबीसी (NCL) का प्रमाण-पत्र की वैद्यता जारी होने की तिथि से एक (01) वर्ष के लिए वैध है। वैध प्रमाण-पत्र ही स्वीकार्य होगें। नया प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु प्रस्तुत की गयी रसीद आदि किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।
- ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण-पत्र 1 अप्रैल, 2024 से मान्य होगा।
- किसी भी प्रमाण पत्र, अंक पत्र और प्रवेश की दावेदारी से संबंधित दस्तावेज़ के संदिग्ध, अपूर्ण और अस्पष्ट होने की दशा में अभ्यर्थी को अर्ह नहीं माना जाएगा।
- अभ्यर्थी दस्तावेज़ों की जांच और छानबीन के समय प्रवेश आवेदन, दो नवीनतम पासपोर्ट साइज़ फोटो एवं प्रवेश आवेदन में अपलोड किए समस्त दस्तावेज़ों की **एक सेट छायाप्रति तथा सभी मूल दस्तावेज़ (Original Certificate etc.) लेकर ही लेकर उपस्थित हों।**
- अभ्यर्थियों की पात्रता एवं अपात्रता के संदर्भ में अंतिम निर्णय दूर शिक्षा निदेशालय, म.गां.अं.हि.वि. का होगा।
- अभ्यथियों को दस्तावेजों की जांच और छानबीन के लिए उपस्थित होने हेतु किसी भी प्रकार का कोई भत्ता देय नहीं होगा। दस्तावेजों की जांच और छानबीन के लिए अभ्यर्थी नीचे दी गई समय सारणी के अनुसार **दूर शिक्षा निदेशालय, म.गां.अं.हि.वि., वर्धा में निम्नानुसार उपस्थित हों-**

| **दिनांक** | **समय<br>प्रात: से सायं** | **प्रथम वरीयता सूची क्रमांक** |
|---|---|---|
| 15/10/2024 | 10.00-06.00 | 1-175 |
| 16/10/2024 | 10.00-06.00 | 176-350 |
| 17/10/2024 | 10.00-06.00 | 351-500 |

दस्तावेज़ो की जांच उपरांत अर्ह अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से तत्काल (उसी समय) कार्यक्रम शुल्क जमा कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करना होगा। **निर्धारित तिथि और समय के पश्चात उपस्थित होने वाले तथा कार्यक्रम शुल्क न जमा करने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा।** अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी टोल फ्री नंबर 18002331575 या ईमेल ddeadmission@hindivishwa.ac.in पर संपर्क कर सकते हैं।

**Sd/-**

**(सहायक क्षेत्रीय निदेशक)**